ई-फ्रेंडशिप में घनिष्ठता खतरा

साइबर क्राइम के आईजी व एसपी ने सेंट मेरी स्कूल के सेमिनार में छात्राओं को बताई सावधानियां

डॉ. आंबेडकर नगर (महू) @ पत्रिका

patrika.com

आज के समय में इंटरनेट की दुनिया में बच्चे और खासकर लड़कियां अपने बारे में सही जानकारियां सोशल वेबसाइट्स पर डाल देती है। इससे कुछ आपराधिक तत्व उसका गलत उपयोग कर लेते है। इसको लेकर सावधानियां बरतने की आवश्यकता है। इंटरनेट पर फ्रेंडशिप में घनिष्टता खतरे का सबब बन सकती है। इसके लिए किसी भी अनजान व्यक्ति से दोस्ती करने में सावधानी जरूरी है।



बच्चों ने अतिथियों की बातों को सुना।

सही जानकारी फेसबुक पर न डालें

यह बात महू के सेंट मेरी स्कूल में आयोजित सेमिनार में बतौर अतिथि साइबर क्राइम के आईजी वरुण कपूर ने कही। उन्होंने बच्चों को फेसबुक पर अपनी सही जानकारियां डालने से मना किया। कार्यक्रम में साइबर क्राइम शाखा के एसपी प्रदीप गोयनका ने भी बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वाट्स-एप पर अनजान व्यक्ति मैसेज करे तो उसे ब्लॉक कर दें। उन्होंने कहा कि तकनीकी दुनिया में शार्टकट सुविधा के लिए सही है, लेकिन अगर हम गलत उपयोग कर रहे हैं, तो वह खतरा भी बन सकती है।

छात्राओं को मिले पुरस्कार

कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चों से साइबर क्राइम के संबंध में सवाल किए, जिसमें सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। छात्रा शिवानी वर्मा और छात्रा मानसी शुक्ला को सही जवाब देने पर प्रमाण पत्र दिए गए और अन्य 10 छात्राओं को भी सही जवाब देने पर साइबर क्राइम का बेच देकर सम्मानित किया गया।अतिथियों ने बच्चों की जिज्ञासाओं को भी शांत किया।

इसके साथ ही विद्यार्थियों को तकनीकी संसाधनों से अपराध होने और अपराध से बचाव के संबंध में विभिन्न जानकारियां दी। छात्राओं ने रोचकता से सुना। अतिथि परिचय वर्षा कर्डक ने दिया। प्राचार्य सिस्टर एल्सा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में रुचिता विलफ्रेड, विजय खंडेलवाल, साधना परांजपे ने सहयोग प्रदान किया। संचालन सेंड्रा व वर्षा कर्डक ने किया।

मंच पर उपस्थित अतिथि।